हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 46 देहरादून, सोमवार, 07 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



प्रदेशभर में मिशन इन्द्रधनुष अभियान की तीन चरणों में होगी शुरुआत 3

# यह भारतीय रेलवे का स्वर्णिम युग है : धामी






देहरादून। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इन रेलवे स्टेशनों की पुनर्विकास की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर हर्रावाला रेलवे स्टेशन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे।

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत 24470 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जाने वाले ये 508 रेलवे स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हैं। इन रेलवे स्टेशनों में उत्तराखण्ड के तीन रेलवे स्टेशन हर्रावाला, रुडक़ी और लालकुआं शामिल हैं, जिनका पुनर्विकास किया जाएगा।

अमृत भारत रेलवे स्टेशनों में यात्रियों की आधुनिक सुविधाओं के साथ साथ विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जाएगा। स्टेशन बिल्डिंग के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला की झलक दिखाई देगी। इन स्टेशनों में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के तीन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में बहुत तेज गति से कार्य हुए हैं। हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं तथा आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को ख़त्म करके भारतीय रेलवे को पहले से कही अधिक सुरक्षित बनाया गया है, वहीं दूसरी ओर आज भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कही अधिक बढ़ चुकी है, आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक चिन्ह के रूप में वंदे भारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेनें रेल नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं। वर्तमान में देश के अछूते हिस्सों को रेल नेटवर्क से जोडने का काम भी तेजी से चल रहा है। रेल लाइनों के विद्युतिकरण का काम भी पहली बार इतनी तेजी के साथ किया जा रहा है। 2014 तक 1350 किलोमीटर रेलवे लाइन का विद्युतिकरण हुआ था पर 2014 से अब तक यह आंकड़ा 6,565 किलोमीटर तक पहुंच गया है। 2014 में देश में 1561 किलोमीटर के रेलवे ट्रेक बिछाए गए थे, जो 2023 में 5243 किलोमीटर हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन का कार्य तेजी से हो रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और नए बदलते भारत का प्रतिबिंब है। आज प्रधानमंत्री जी द्वारा किये गए 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास ने एक और नया कीर्तिमान बनाया है। आज जिस प्रकार से ना केवल रेलवे बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाया जा रहा है, वो अभूतपूर्व है। आज रेल आधुनिक हो रही हैं, सुविधाओं को विश्वस्तरीय किया जा रहा है, रेलवे स्टेशन मॉडर्न विजन के साथ विकसित किए जा रहे हैं। जिन स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव आज रखी गई है उन्हें स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला के आधार पर विकसित किया जाएगा जो अपने आप में एक सुखद अनुभव होगा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री खजान दास, श्री बृज भूषण गैरोला, श्रीमती सविता कपूर, पद्मश्री श्री प्रीतम भरतवाण एवं भारतीय रेलवे के अधिकारी उपस्थित थे।

## गौरीकुंड में सर्च अभियान में बाधा बन रहा मौसम

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड में हुए भूस्खलन से लापता लोगों का पता लगाने के लिए तीसरे दिन भी 5 टीमों द्वारा सर्च एंड रेस्क्यू अभियान जारी रहा। हालांकि केदारनाथ और गौरीकुंड में बारिश के चलते रेस्क्यू का कार्य रुक-रुक कर होता रहा। जिस तेजी से कार्य होना वह खराब मौसम और मंदाकिनी के जल स्तर के बढने के कारण प्रभावित रहा। वहीं रुद्रप्रयाग बाईपास से नरकोटा एवं धारी देवी से श्रीनगर डैम तक भी सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया किंतु देर सांय तक कुछ भी पता नहीं लग पाया है। बीते गुरुवार को गौरीकुंड में रात्रि को हुई भूस्खलन की घटना के बाद 23 लोग लापता बताए गए। 3 लोगों के लापता होने की सूचना उनके परिजनों द्वारा प्रशासन को दी गई। वहीं तीन शव बरामद कर लिए गए थे किंतु 20 लोगों का अभी भी कोई पता नहीं लग पाया है। प्रशासन ने जिन तीन शवों की शिनाख्त की है उनमें तीनों नेपाली मूल के हैं। लापता अन्य बीस लोगों की खोजबीन का काम जारी है। रविवार को भी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, डीडीआरफ, वाईएमएफ, पुलिस, फायर सर्विस एवं जिला प्रशासन की टीमों ने खोजबीन का काम जारी रखा। एसडीएम ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा ने बताया कि शिनाख्त होने के बाद तीनों शवों का बीती देर रात पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जिनका अंतिम संस्कार भी कर लिया गया।

इन लोगों के शवों की हुई शिनाख्तः

-देवी बहादुर उम्र 45 पुत्र प्रदीप ग्राम मामन नेपाल

-टेक बहादुर पुत्र धनसुर ग्राम मामन नेपाल

-प्रकाश टम्टा पुत्र रघु ग्राम मामन नेपाल

# देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार के मुख्य रूटों से बाहर होंगे 19 हजार ई रिक्शा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 07 अगस्त : उत्तराखंड के मुख्य शहरों में ट्रैफिक जाम ने दुखी कर दिया है और ई रिक्शा की वजह से भी काफी बार सड़कें बिजी रहती हैं। ऐसे में सम्भागीय परिवहन विभाग ने ई-रिक्शा संचालन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसके तहत ई-रिक्शा 5 शहरों के तय रूट्स पर ही चल सकेंगे। दरअसल मुख्य रूटों पर ई-रिक्श अगला की बढ़ती संख्या से ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार बढ़ रही थी। बीती जुलाई को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक में ई-रिक्शा के क्षेत्र तय करने का फैसला लिया गया था। अब मुख्य रूटों पर ई-रिक्शा पूरी तरह प्रतिबंधित करने की सिफारिश करते हुए पांचों शहरों में इसके संचालन के नए क्षेत्र तय कर दिए हैं।

देहरादून में बालावाला, डिफेंस कॉलोनी, मोथरोवाला, दून यूनिवर्सिटी क्षेत्र, ब्राह्मणवाला, टर्नर रोड, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी क्षेत्र, डालनवाला, कैंट रोड और कंडोली में ई रिक्शा चल सकेंगे। वहीं मोहब्बेवाला से आईएसबीटी- पटेलनगर-सहारनपुर चौक-घंटाघर - दिलाराम चौक से मसूरी बाईपास, रायपुर से लाडपुर-सहस्त्रधारा क्रॉसिंग- सर्वे चौक-घंटाघर, गढ़ी कैंट डाकरा चौक से बल्लूपुर-बल्लीवाला-जीएमएस रोड, आईएसबीटी



साभार - सो.मी

कारगी चौक- रिस्पना-मोहकमपुर-हर्रावाला तक, सुभाष रोड, लक्ष्मी रोड, रिंग रोड और आराघर रोड पर यह प्रतिबंधित रहेंगे। विकासनगर में बाबा अजीत सिंह मार्ग, खेरा मार्ग, डाकपत्थर रोड, पंचमीवाला रोड, विद्यापीठ माग, जीवनगढ़, कालसी रोड और मेहूंवाला। एनएच 507 पर धर्मावाला से हरबर्टपुर-बाबूगढ़-रसूलपुर तक, एनएच-7 पर कुल्हाल रूट और ढालीपुर- हरबर्टपुर सहसपुर रूट पर यह संचालित होंगे।

वहीं ऋषिकेश में कोयलघाटी से एम्स-सीमा डेंटल - आईडीपीएल गेट-2 तक, श्यामपुर चौकी से हनुमान मंदिर कालेकीढाल-चंद्रभागा पुल तक, डोईवाला, भानियावाला, जौलीग्रांट, रानीपोखरी, भोगपुर, खदरी बापूग्राम, श्यामपुर, भट्टोवाला, छिद्दरवाला, चकजोगीवाला और अठूरवाला पर यह चल पाएंगे तो वहीं मोतीचूर फ्लाईओवर से रायवाला-नेपालीफार्म-लालतप्पड़-लच्छीवाला टोल से मोहकम अगला तक, नेपालीफार्म से श्यामपुर चौकी - गुमानीवाला- एआरटीओ कार्यालय ऋषिकेश, चौदहबीघा-भद्रकाली- तपोवन तिराहा और डांडी-सात मोड़ से नटराज चौक तक प्रतिबंधित रहेंगे। रुड़की में मोहनपुर, अशोकनगर, शिवाजीनगर, डिफेंस कॉलोनी, पठानपुरा, विभावेदी, मंगलौर, राजेंद्रनगर, नेहरू-नगर, सुभाषनगर, गांधीनगर, आंबेडकर-नगर, भारतनगर, महिग्राम, सोलमन कॉलोनी, नंद विहार में इनको संचालित करने की परमिशन दी गई है मगर एनएच 334 पर नारसन - मंगलौर-रुड़की- बहादराबाद तक, एनएच 334-ए पर लक्सर-सुल्तान' अगला भोगपुर-कनखल तक और रुड़की से सलियार- भगवानपुर तक यह नहीं चलेंगे।

हरिद्वार की बात करें तो ज्वालापुर से कनखल, गोकुलधाम, बैकुंठ धाम से भारत सदन, हरिपुर कला भीमगौड़ा, सिडकुल से शिवालिक नगर पर चल सकेंगे मगर हरकी पैड़ी से रेलवे स्टेशन-बस स्टेशन, रानीपुर मोड़-मॉडल कॉलोनी-शारदा नगर- ज्वालापुर तक और रेलवे स्टेशन-रानीपुर मोड से भगवंत सिंह चौक से रोशना बाद तक यह प्रतिबंधित रहेंगे। देहरादून के आरटीओ प्रशासन सुनील शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने हेतु यह प्लान बनाया गया है।


उन्होंने कहा कि लखनऊ, कोलकाता, कानपुर दिल्ली समेत कई शहरों में ई-रिक्शा के रूट तय हैं। लेकिन, हमने जो ड्राफ्ट बनाया है, उसके तहत ई-रिक्शा के लिए नए क्षेत्र तय किए गए हैं जिससे उनको किसी भी प्रकार का घाटा नहीं होगा, बस ट्रैफिक कम हो जाएगा।

# स्मार्टफोन को साफ करने के लिए इन तरीकों से बचें, नहीं तो चुकानी पड़ सकती है भारी कीमत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : आज के समय में स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया हैं। आप चाहे ऑफिस हों या घर पर या फिर यात्रा कर रहे हों, स्मार्टफोन हमारे हाथों से चिपके रहते हैं। क्या आप अपने फोन को नियमित रूप से साफ करते हैं? इस मामले में ज्यादातर लोगों का जवाब नहीं में होगा। आपको यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि यह सलाह दी जाती है कि आप अपना फोन प्रतिदिन साफ करें।

लेकिन चिंता न करें, हम आपको कुछ तरीके बताने जा रहे हैं कि किस तरह आप अपने फोन को बिना किसी नुकसान के साफ कर सकते हैं। सफाई करने से पहले, हमेशा अपना फोन स्विच ऑफ कर दें और अगर कोई केबल अटैच कर रखी हो तो उसे भी हटा दें। सुनिश्ख्ति करें कि आप इसे वापस चालू करने से पहले एक बार सूखने के लिए छोड़ दें। चार्जिंग और हेडफोन पोर्ट जैसे किसी भी खुले स्थान में नमी से बचना हमेशा महत्वपूर्ण है। अपने फोन को साफ करने का सबसे अच्छा तरीका अपने हाथ धोने के विपरीत, आप अपने फोन को साफ करने के लिए साबुन और पानी का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। अपने फोन को साफ करने के लिए इन 4 तरीकों का पालन कर सकते हैं।



अपना फोन को स्विच ऑफ करके उसे अनप्लग कर दें। साबुन और पानी का उपयोग करके अपने हाथ अच्छी तरह धोएं कम से कम 20 सेकंड तक स्क्रब करें।

एंटी-बैक्टीरियल वाइफ से स्क्रीन सहित फोन के बाहरी हिस्से को धीरे से पोंछना या एक मुलायम कपड़े पर 70 फीसदी आइसो-प्रोपिल युक्त अल्कोहल-आधारित कीटाणु-नाशक क्लीनर स्प्रे करें और उसका उपयोग अपने फोन को साफ करने के लिए करें। फोन पर सीधे क्लीनर स्प्रे नहीं करें। (70 फीसदी अल्कोहल का अनुपात महत्वपूर्ण है। यह फोन की सतह पर मौजूद किसी भी कीटाणु को मारने के लिए पर्याप्त मात्रा है। यदि कपड़ा बहुत गीला हो तो उपयोग करने से पहले उसे निचोड़ लें। पोर्ट्स में किसी भी प्रकार की नमी आने से बचें। दिन में कम से कम एक बार अपनी गैजेट्स को सैनिटाइज अवश्य करें।

अपने किसी भी उपकरण को साफ करने से पहले अपने उपकरण को साफ रखने के लिए निर्माता के निर्देशों का पालन अवश्य करें। अपने फोन केस और एक्सेसरीज को साफ करने का सबसे अच्छा तरीका ऐसा नहीं है कि आपके फोन की सतहें ही गंदी हो जाती हैं। आपका फोन केस और हेडफोन जैसी कोई भी सहायक वस्तुओं पर कीटाणु लग सकते हैं। आप एक्सेसरीज के लिए उन्हीं सफाई निर्देशों का पालन कर सकते हैं जैसे आपने अपने फोन के साथ करते हैं।

**रिमाइंडर : फोन की सफाई करते वक्त यह नहीं करें**


-100 फीसदी अल्कोहल क्लीनिंग प्रोडेक्ट्स का उपयोग न करें, वे फोन की सुरक्षात्मक कोटिंग्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं।-अपने फोन पर सीधे तरल पदार्थ या क्लीनर न लगाएं-फोन को पानी में न डुबाएं-तरल ब्लीच का प्रयोग न करें-किसी भी तरल पदार्थ को अपनी गैजेट्स के पोर्ट में न जाने दें।-फोन की स्क्रीन को पोंछने के लिए कागज के तौलिये का उपयोग न करें। फोन को साफ करने में नहीं लगता ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन को साफ करने में प्रतिदिन कुछ मिनट ही लगते हैं। लेकिन अपने गैजेट्स को सुरक्षा के लिए आप एक कदम और उठा सकते हैं। अपना फोन, टैबलेट, ईयरबड और अन्य सहायक उपकरण अपने पास रखें, जहां तक हो सके दूसरों को उन्हें इस्तेमाल न करने दें। अपने फोन को कीटाणु रहित रखने के लिए आपको थोड़े से सचेत रहने के साथ-साथ अच्छी साफ -सफाई की आदतों को अपनाना होगा। इसके अलावा, अपने स्मार्टफोन को साफ करने के लिए नुकीली चीजों के इस्तेमाल करने से भी बचें। इनके इस्तेमाल से आपका फोन डैमेज हो सकता है, जिसे ठीक करवाने के लिए आपको अच्छी-खासी रकम खर्च करनी पड़ सकती है या नया खरीदना पड़े।

# 1 दिन में सिर्फ 8 मिनट ही मोबाइल यूज़ कर पाएंगे बच्चे !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 7 अगस्त , रेगुलेटरी संस्थान ने सिफारिश की है कि 18 साल से कम आयु के बच्चों के लिए फोन इस्तेमाल करने की लिमिट तय की जानी चाहिए। रेगुलेटरी ने 2 घंटे की लिमिट तय करने का सुझाव दिया है।

साइबर स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ चाइना का कहना है कि दिन भर में बच्चों को 2 घंटे ही फोन इस्तेमाल करने का परमिशन मिले। क्योंकि इससे बच्चे स्वस्थ भी रहेंगे और वक्त की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा। हालांकि माना जा रहा है कि इसके बाद चीन की सरकार ऐसा कोई नियम बना सकती है।एजेंसी की सिफारिश है कि बच्चों और किशोरों के पास रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक फोन बिलकुल ही नहीं रहना चाहिए । लेकिन but उनके लिए इस्तेमाल की लिमिट भी





प्रतीकात्मक चित्र

2 घंटे की तय होनी चाहिए। हालांकि इस लिमिट में भी कैटिगराइजेशन की बात कही गई है। यह सुझाव दिया गया है कि 16 से 18 साल के युवाओं को 2 घंटे की परमिशन दी जाए, जबकि 8 से 16 साल के बच्चों को 1 घंटे की परमिशन दी जाए और उससे भी छोटे बच्चों को सिर्फ 8 मिनट के लिए ही फोन इस्तेमाल करने दिया जाए।इस पॉलिसी को लागू करने का जिम्मा पेरेंट्स और टेक कंपनियों पर होगा कि वह बच्चों को फोन कम इस्तेमाल करने दें। इस सिफारिश को 2 सितंबर को सार्वजनिक किया जाएगा , हालांकि नियम के उल्लंघन पर भी सजा का प्रावधान होगा। ऐसे में बेहतर यह होगा कि नाबालिग बच्चों को फोन ही ना इस्तेमाल करने दिया जाए। क्योंकि चीन के अलावा भारत अमेरिका समेत दुनिया के किसी भी देश में अब फोन का अधिक इस्तेमाल एक समस्या बन गया है।

# चम्पा भाभी ने लाला हरदौल को क्यों दिया था ज़हर ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 7 अगस्त , कुछ दिनों में भाई-बहन का त्योहार रक्षा बंधन पूरे उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर हम आपको भाई और बहन के रिश्ते की एक ऐसी कहानी बता रहा है, जो बुंदेलखंड में तो हर घर में प्रचलित है, लेकिन बाहर कम ही लोग जानते हैं। यह कहानी करीब 400 साल पहले ओरछा के दीवान हरदौल, उनकी बहन कुंजाबाई और उनकी भाभी चंपावती की है। मरने के बाद भी भांजी की शादी में भात लेकर पहुंचे...ऐसे थे लाला हरदौल

लाला हरदौल ओरछा राजवंश के राजा जुझार सिंह के छोटे भाई थे। जुझार सिंह के कोई संतान नहीं थी। हांलाकि लाला हरदौल उम्र में छोटे थे। इसलिए वह अपने भाई-भाभी के स्नेह के पात्र थे। लेकिन ईर्ष्या करने वालों से कौन बच सकता है। लोगों ने लाला हरदौल और भाभी के रिश्तों पर प्रश्न उठाना शुरू कर दिया।

शुरूआत में जुझार सिंह को यह कहने वाली बातें मिथ्या लगती थीं लेकिन जब रानी का स्नेह उम्र में उनसे बहुत कम लाला हरदौल पर ध्यान ज्यादा रहने लगा तो जुझार सिंह से यह सब देखा






साभार - सो.मी.

नहीं गया। और फिर एक दिन शक की आग में जुझार सिंह ने अपनी रानी को आदेश दिया कि वो भोजन में विष मिला कर लाला हरदौल को खिला दें। मगर यह सुनकर रानी हैरान हो गईं। एक तरफ पुत्र समान लाला हरदौल थे। दूसरी तरफ उनके पति की आज्ञा।

लेकिन रानी ने पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए हरदौल को जहर दे दिया। उन्होंने हरदौल को जहर देने से पहले सारी बात बताई, जो उनके भाई जुझार सिंह ने कही थी। हरदौल ने भाभी की लाज रखने की खातिर हंसते हुए विष से भरा भोजन किया। हालाँकि किंवदंती है कि लाला हरदौल के मरने के बाद हरदौल से स्नेह रखने वाले उनके घोडे ने भी अपने प्राण त्याग दिए थे।

यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती बल्कि जब लाला हरदौल के निधन के बाद उनकी बहन कुंजवती की पुत्री का विवाह होता है तब वह रोते हुए लाला हरदौल की समाधि पर गई तथा भांजी की शादी में आने का निमंत्रण दे कर आईं। कहा जाता है कि हरदौल ने अदृश्य रहकर अपनी भांजी की शादी में भात दिया। इसके बाद से अगर बुंदेलखंड में कहीं शादी होती है तो हरदौल को याद किया जाता है और उन्हें शादी में आमंत्रित किया जाता है।

# प्रदेशभर में मिशन इन्द्रधनुष अभियान की तीन चरणों में होगी शुरुआत, बच्चों व गर्भवती महिलाओं का होगा टीकाकरण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 07 अगस्त : राज्य में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0(आई0एम0आई0) अभियान की शुरुआत तीन चरणों में 07-12 अगस्त, 11-16 सितम्बर व 09-14 अक्टूबर 2023 को समस्त जनपदों में की जाएगी जिसकी जानकारी श्री रोहित मीना, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान दी।

रोहित मीना द्वारा बताया गया कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान में 5 वर्ष की आयु तक के ड्रॉप आउट और लेफ्ट आउट बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं की छुटी हुई खुराक दी जानी है। साथ ही अन्य टीकों के अलावा Measles and Rubella (MR) vaccines, Pneumococcal Conjugate vaccine (PCV) और Inactivated Polio Vaccine (IPV) 3rd dose के कवरेज में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश में मीजिल्स तथा रूबेला का उन्मूलन पर वर्ष 2023 तक नियंत्रण प्राप्त किये जाने हेतु संकल्प किया गया है। जिस हेतु राज्य में खसरा और रूबेला युक्त टीकों (MRCV) की दोनों खुराक के लिए 95% कवरेज को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। एम0आर0 उन्मूलन के लिए 9 माह से 05 वर्ष तक के समस्त बच्चों को (Left out/drop out) MR1, MR2 डोज के कवरेज को 95% कवरेज तथा गैर-खसरा, गैर-रूबेला discard rate ¼NM, NR½ के वांछित बेंच मार्क को प्राप्त करने हेतु surveillance] प्रचार-प्रसार करने तथा MR outbreak वाले क्षेत्रों में एक अतिरिक्त डोज से covered किये जाने हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिस हेतु राज्य द्वारा विभागाध्यक्षों एवं प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय संस्था यू०एन०डी०पी०, जे०एस०आई० तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ आयोजित बैठकों में एम0आर0 उन्मूलन में सहयोग प्रदान किये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिससे की टीकाकरण के कवरेज को व्यापक पैमाने पर बढावा दिया जा सके।




कार्यशाला के दौरान मिशन निदेशक ने अवगत कराया कि समस्त जनपदों में अगामी सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 U-WIN के माध्यम से पंजीकृत कर टीका लगाया जाना है। पूर्व में पायलट जनपदों (हरिद्वार एवं पिथौरागढ़) में U-WIN के रूप में डिजिटलीकरण की शुरुआत की जा चुकी है तथा अन्य जनपदों में U-WIN portal का विस्तार किया जा रहा है। जिस हेतु जनपदों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जनपदों के मास्टर प्रशिक्षक द्वारा जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर cascade training दी जा चुकी है।

श्री रोहित मीना ने बताया जनपद स्तर पर आशा एवं आंगनवाडी द्वारा Head Count Survey किया जा रहा है। जिसमें दिनांक 05 अगस्त, 2023 को अपराह्न 01:30 बजे तक कुल 807844 बच्चों का सर्वे किया जा चुका है तथा आतिथि तक सर्वे में कुल 22901 due बच्चे एवं 4724 due गर्भवती महिलाऐं प्राप्त हुए हैं। U-WIN में दिनांक 05 अगस्त, 2023 को अपराह्न 01:30 बजे तक कुल 1212 गर्भवती महिलाओं तथा 5 वर्ष की आयु तक के कुल 8924 बच्चों का प्री-रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। प्री-रजिस्ट्रेषन एएनएम, आशा द्वारा किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में राज्य द्वारा राज्य स्टीयरिंग समिति की बैठक मे समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों जिसमें वित्त, महिला एवं बाल विकास, पंचायती-राज, विद्यालयी शिक्षा विभाग, सूचना एवं संचार विभाग, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, आई0एम0ए0, आई0ए0पी0, यू0एन0डी0पी0, डब्लू0एच0ओ, आई0ई0सी0, आशा-कार्यक्रम) को दिशा-निर्देश प्रेषित किये जा चुके हैं।

रोहित मीना द्वारा बताया कि पंचायती-राज/सूचना एवं संचार विभाग द्वारा संचार रणनीतियों में सक्रिय भागीदारी को संगठित करते हुए अपने स्तर से अभियान के सम्बन्ध में Broadcasting किया जाना है। विद्यालयी शिक्षा द्वारा स्कूली शिक्षकों और शिक्षा मित्रों के माध्यम से स्कूलों में आई0एम0आई0 सत्रों के आयोजन हेतु परिवारों को जागरूक किया जाना है तथा. स्कूलों में प्रातः कालीन प्रार्थना में टीकाकरण के महत्व एवं आगामी मिशन इन्द्रधनुष के बारे में समस्त छात्रो को जागरूक किया जाए ताकि वह अपने अभिभावक एवं आस-पास के लोगों को 0 से 05 वर्ष के बच्चों को सेशन साइट तक ले जाने हेतु प्रेरित करें। प्रतिरोधी परिवारों (resistant families) को अपने स्तर से mobilize किया जाना है। पंचायती-राज/ विद्यालयी शिक्षा द्वारा अभियान के सेशन साईट हेतु स्थान उपलब्ध कराये गये हैं।

उन्होंने बताया की अर्बन हेल्थ द्वारा निजी मोड में चलने वाले समस्त यू0पी0एस0सी0 क्षेत्र में हेड काउंट सर्वे का validation किया जाना है। ताकि टीकाकरण से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। आई0एम0ए0 तथा आई0ए0पी0 द्वारा स्थानीय स्तर पर जागरूकता सृजन करने, पूर्ण टीकाकरण और संपूर्ण टीकाकरण के बारे में लाभार्थियों को जागरूक किया जाना है। साथ ही टीकाकरण से सम्बन्धित समस्त ए0ई0एफ0आई0 की रिपोर्ट और serious and severe ए0ई0एफ0आई0 की तत्काल रिपोर्ट डी0आई0ओ0 के साथ साझा किया जाना है।कार्यशाला में स्टेट इम्यूनाइजेशन ऑफिसर डॉ कुलदीप मार्तोलिया, प्रभारी अधिकारी इम्यूनाइजेशन कार्यक्रम डॉ अर्चना ओझा, यूएनडीपी से डॉ विशाल कुमार, डब्लू.एच.ओ. से डॉ विकास शर्मा आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रो. फर्स्वाण ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में करेंगे प्रतिभाग

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के डा. योगम्बर सिंह फर्स्वाण आगामी सात अगस्त से न्यू इंगलैण्ड यूनिवर्सिटी आर्मिडेल, ऑस्टेलिया में होने वाली 14 वीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी-2023 में प्रतिभाग करेंगे। रविवार को डा. वाईएस फर्स्वाण ऑस्टेलिया के लिए रवाना होंगे। डा. वाईएस फर्स्वाण ने बताया कि सात अगस्त से 14 अगस्त तक न्यू इंगलैण्ड यूनिवर्सिटी आर्मिडेल, ऑस्ट्रेलिया की ओर से प्रायोजित आर्कियोजूलॉजी का 14 वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऑस्ट्रेलिया के केन्स कन्वेन्शन सेन्टर, क्वीन्सलेण्ड, में किया में आयोजित किया जा रहा है। कहा कि इंटरनेशनल कॉन्सिल फार आर्कियोजूलॉजी अमेरिका में स्थापित पुरा-प्राणिविज्ञान की एक उच्चस्तरीय महत्वपूर्ण वैज्ञानिक संस्था है और वह इसके स्टेण्डर्ड मेंबर हैं। प्रो. फर्स्वाण के अनुसार इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 50 से अधिक देशों के चार सौ से अधिक पुरा-प्राणि विज्ञानवेताओं द्वारा पुरा-प्राणिविज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर अनेक प्रकार के शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। कहा कि वह इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में आधुनिकतम वैज्ञानिक तकनीकियों पर आधारित अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होने बताया कि वह गढ़वाल हिमालय के विभिन्न पुरास्थलों से प्राप्त अस्थियों में एलिमेन्टल एवं ऑयसोटोपिक एनॉलिसिस के विश्लेषण से प्राचीन मानव तथा जन्तुओं के आहार तथा भोजन-प्रवृत्ति की जानकारी प्राप्त करना है। जिसमें रूपकुंड से प्राप्त मानव अस्थियां भी सम्मिलित हैं। इस अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो. फर्स्वाण शोध पत्र प्रस्तुत करने के साथ-साथ एक सत्र की अध्यक्षता भी करेंगे। प्रो. फर्स्वाण इससे पूर्व 1994 से 2020 तक विभिन्न विषयों पर अमेरिका, कनाडा, इटली, श्रीलंका में अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## भडक़ाऊ पोस्ट वायरल करने में दो पर केस

रुडक़ी। झबरेड़ा के भक्तोवाली निवासी युवक काक्का ने धर्म विशेष के बारे में भडक़ाऊ बातें लिखकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उसकी फ्रेंड लिस्ट में शामिल लक्सर के मुंडाखेड़ा खुर्द निवासी मोइन ने इस पोस्ट को कई जगह वायरल कर दिया। इसके बाद लैसर के कुणाल ने उन दोनों को फोन किया और किसी दूसरे समुदाय के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत न करने की नसीहत दी। आरोप है कि इस पर दोनों ने कुणाल को गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## संदिग्ध परिस्थितयों में दवाई गोदाम में लगी आग

रुडक़ी। पुहाना इकबालपुर मार्ग पर स्थित दवाई के गोदाम में तडक़े अचानक धुंए के साथ आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई। जिसकी सूचना पर पहुंची दमकल की टीम में कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम के इंचार्ज आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि दवाइयों के बॉक्स जलकर राख हो चुके हैं अभी तक नुकसान का आंकलन नहीं हो पाया है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। भगवानपुर फायर इंचार्ज केशव दत्त तिवारी ने बताया कि 3 गाडियों की मदद से आग पर काबू पाया गया है। साथ ही नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

## गैस गोदाम में हुए धमाका की जांच के दिए निर्देश

रुडक़ी। गैस गोदाम में हुए धमाका की जांच एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने पूर्ति निरीक्षक और फायर टीम को दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इस मामले की अग्रिम कार्रवाई करेगी। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित पनियालाा रोड पर पाडली गुर्जुर गांव के पासा छवि गैस एजेंसी का गोदाम है। गोदाम परिसर में चौकीदार का कक्ष भी है।

## प्रशासन ने दो दिनों में हटाए 80 ढाबे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच 5 किमी की दूरी में संवेदनशील स्थानों पर बनाए गए कच्चे और पक्के ढाबों को हटाने के लिए प्रशासन की कार्रवाई दूसरे दिन भी जा रही रही। हालांकि प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टिगत यह कार्रवाई की जा रही है। कुछ लोगों द्वारा स्वतः ही डर के कारण अपने ढाबे हटा लिए गए हैं। दो दिनों के भीतर प्रशासन ने 80 कच्चे व पक्के ढाबो को हटा लिया है।

गौरीकुंड में भूस्खलन की घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच बने सौ से भी अधिक बाहरी लोगों के ढाबों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि प्रशासन का तर्क है कि जहां संवेदनशील स्थान हैं और दुर्घटना का खतरा बना है, उन्हीं लोगों को अपने ढाबे हटाने को कहा गया, जिन्होंने स्वयं ही हटाने में सहयोग दिया है। रविवार को एसडीएम ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा के निर्देशों पर ऊखीमठ तहसील की राजस्व टीम ने करीब 40 ढाबे हटाए जिनमें अधिकांश कच्चे थे। जबकि शनिवार को भी इतनी ही संख्या में ढाबे हटाए गए। दो दिनों के भीतर करीब 80 ढाबे हटाए गए हैं जबकि प्रशासन द्वारा 190 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। एसडीएम ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा ने बताया कि 70 फीसदी अस्थाई ढाबे लगाए गए थे जिनमें अधिकांश लोगों ने स्वयं ही हटाए। प्रशासन द्वारा महज उन्हें सूचित किया गया था।

रोजगार उजाडन्ने से लोगों में आक्रोशः गौरीकुंड और सोनप्रयाग में यात्रा से बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी लोगों का रोजगार जुड़ा है। नेपाली मूल के अधिकांश लोग यहां हर साल कारोबार करने आते हैं, किंतु प्रशासन की कार्रवाई से उनमें काफी आक्रोश है। नेपाल निवासी राम बहादुर, दिल बहादुर, राखी देवी आदि ने कहा कि प्रशासन ने जिन लोगों के ढाबे तोड़े उन्हें सामान हटाने का वक्त भी नहीं दिया, जिससे बड़ी मात्रा में उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि यहां लोग सीजन में रोजी रोटी के लिए आते है, किंतु प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

## श्रीदेव सुमन विवि जागरूकता और विकास कार्यों में करेगा यूसर्क की मदद

नई टिहरी। स्टार्टअप और उद्यमिता सहित सात उद्देश्यों को लेकर श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय तथा उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र(यूसर्क) देहरादून बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत श्रीदेव सुमन विवि, यूसर्क की ओर से किए जाने वाले अपने अनुसंधान और विकास और जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान करेगा। बीते शनिवार को श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल का यूसर्क देहरादून के बीच एक एमओयू हस्ताक्षर किया गया। श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया कि यह समझौता उन 7 उद्देश्यों को पूरा करेगा, जिसमें अनुसंधान और नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता, विवि परिसर के एनएसएस और एनसीसी स्वंयसेवको के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के मुद्दों पर जागरूकता फैलाना, उत्तराखंड के छात्रों के बीच विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना, उत्तराखंड के छात्रों के बीच क्षमता निर्माण कार्यक्रम, उत्तराखंड में संस्थानों के बीच शैक्षणिक वृद्धि की दिशा में काम करना एवं राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं जैव विविधता दिवस आदि को मनाना है। बताया कि इस समझौता ज्ञापन में विश्वविद्यालय की भूमिका एक दूसरे के परामर्श से और वित्तीय व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना, हितधारकों, प्रमुख व्यक्तियों, सहयोग के रूप में वित्त पोषण आदि के लिए सहयोग की रूपरेखा स्थापित करना आदि रहेगी। यूसर्क की निदेशक प्रोफेसर डॉ. अनीता रावत ने इस एमओयू करार होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि, इस समझौते में श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की भूमिका अहम है। कहा कि श्रीदेव सुमन विवि के सहयोग से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों-स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, सहयोगात्मक स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता के साथ विभिन्न यूएसआरसी विज्ञान चेतना केन्द्रों को जोडऩा तथा यूएसईआरसी अपने अनुसंधान और विकास और जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे आउटरीच में श्रीदेव सुमन विवि की सहायता लेगा। इस मौके पर परिसर के विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. गुलशन कुमार ढ़ींगरा, एवं यूसर्क के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य आंदोलकारियों ने मांग सख्त भू कानून

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य आंदोलकारियों ने नई टिहरी के बौराड़ी में हस्तक्षार अभियान चलाकर सरकार से प्रदेश में सख्त भू कानून और मूल निवास लागू करने की मांग की है। बताया उक्त मुद्दों को लेकर नौ अगस्त को राज्य आंदोलनकारी सीएम आवास का घेराव करेंगे। रविवार को राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी ने प्रदेश में भू कानून और मूल निवास लागू करने की मांग को लेकर बौराड़ी के साई चौक में हस्ताक्षर अभियान चलाया। राज्य आंदोलकारी मंच के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट ने कहा कि जिस उद्देश्य से अगल राज्य मांगा था, वह आज तक पूरा नहीं हो पाया है। कहा कि राज्य में सख्त भू कानून न होने के कारण बाहर के लोग बड़ी मात्रा में उत्तराखंड में जमीनों की खरीद फरोक्त में लगे हैं, और यहां के लोगों को भूमिहीन बनाया जा रहा है।

# उत्तराखंड : बहनों को CM धामी का तोहफा रक्षाबंधन पर बसों में फ्री में होगा सफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 07 अगस्त : उत्तराखंड की तमाम बहनों के लिए अच्छी खबर है। रक्षाबंधन के अवसर पर आप उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में मुफ्त में सफर कर सकेंगी। जा हां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए निर्देश दिए हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर आगामी 30 अगस्त को प्रदेश की महिलाओं को प्रदेश के अंदर उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों के किराये में शत प्रतिशत छूट दी जायेगी। इस सम्बन्ध में सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी द्वारा प्रबंध निदेशक उत्तराखंड परिवहन निगम को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। कुल मिलाकर प्रदेश की बहनों के लिए ये एक अच्छी खबर है।



## भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक बने देवप्रयाग के शुभम

नई टिहरी। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक अधिकारी का प्रशिक्षण ले रहे देवप्रयाग निवासी शुभम ध्यानी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। शुभम ने यहां परमाणु संयंत्र भौतिकी विषय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते प्रथम स्थान हासिल किया। जिस पर केंद्र द्वारा शुभम को भाभा पदक व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। शुभम के पिता सुशील ध्यानी व माता कुसुम ध्यानी ने बेटे के इस प्रदर्शन को गौरव बढ़ाने वाला बताया। श्री बदरीश युवा पुरोहित संगठन के अनुसार, शुभम की इस उपलब्धि से तीर्थ पुरोहित समाज सहित पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा है। शुभम ध्यानी का चयन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक अधिकारी पद पर पिछले वर्ष हुआ था। सरस्वती शिशु मन्दिर, देवप्रयाग के छात्र रहे शुभम ने नवोदय विद्यालय, पौखाल से इंटर व राजस्थान विवि से भौतिकी में एमएससी करने के बाद भाभा अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक पद के लिए परीक्षा दी थी।

# उत्तराखंड में यहां बिक रहा है 280 रुपये किलो टमाटर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार 07 अगस्त : उत्तराखंड में टमाटर सेब से भी महंगा बिक रहा है। कई हफ्ते बीत जाने के बाद भी टमाटर के दाम में मंदी नहीं आ रही। शहरवासियों को राहत देने के लिए प्रशासन और कृषि मंडी ने टमाटर और अन्य सब्जियों के दाम तय कर दिए हैं, लेकिन इसका भी असर नहीं दिख रहा।

बाजारों में खुलेआम लोगों की जेब कट रही है। सब्जी विक्रेता मनमाने दाम में सब्जियां बेच रहे हैं। कोटद्वार शहर की बात करें तो यहां एक हफ्ते पहले तक टमाटर के दाम 180 रुपये प्रति किलो थे, जो कि अब 250 से 280 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। लोग सब्जी विक्रेताओं से शिकायत करते हैं तो वो मानसून की वजह से दाम में बढ़ोतरी होने की बात कहने लगते हैं। हर दुकान में सब्जी का अलग रेट चल रहा है। कहीं टमाटर ढाई सौ तो कहीं 280 रुपये प्रति किलो की दर पर बेचे जा रहे हैं। इतना ही नहीं अन्य सब्जियों के दाम निर्धारित करने वाली सूची में भी टमाटर का जिक्र नहीं किया गया है। सिर्फ टमाटर ही नहीं दूसरी सब्जियां भी मनमाने दाम पर बेची जा रही हैं। जिस लौकी को देखकर लोग नाक-भौं सिकोड़ते थे वो कहीं तीस तो कहीं 50 रुपये किलो बिक रही है। भिंडी भी 40 से 50 रुपये प्रति किलो के भाव बेची जा रही है। बता दें कि सब्जी विक्रेताओं की लगातार बढ़ रही मनमानी के बाद दो दिन पहले प्रशासन व कृषि मंडी समिति ने सब्जियों के दाम निर्धारित किए थे। सब्जी विक्रेताओं से कहा गया था कि वो तय दामों पर ही सब्जी बेचेंगे, लेकिन मुनाफाखोर मान नहीं रहे। टमाटर के अलावा प्याज, आलू सहित अन्य सब्जियों के भी मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदेव सुमन विवि और यूसर्क के बीच एमओयू साइन

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विवि मुख्यालय बादशाहीथौल और उत्तरखंड विज्ञान शिक्षा एंव अनुसंधान केंद्र ( यूसर्क ) देहरादून के मध्य एमओयू साइन हुआ है,जिससे छात्रों को विज्ञानी शिक्षा में बढ़ावा मिलेगा। श्रीदेव सुमन विवि बादशाहीथौल के कुलपति प्रो.एनके जोशी ने बताया कि बीते शनिवार को श्रीदेव सुमन विवि और उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एंव अनुसंधान केंद्र ( यूसर्क ) देहरादून के बीच हस्ताक्षर हुये एमओयू के तहत अनुसंधान और नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता, विवि परिसर में एनएसएस और एनसीसी स्वंय सेवकों के मध्यम से समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरुकता फैलने, छात्रों के बीच विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने, छात्रों की क्षमता निर्माण, संस्थानों के बीच शैक्षणिक वृद्धि करना एंव जैव विविधता दिवस आदि शामिल है। विवि कुलपति ने बताया कि उक्त समझौता से छात्रों को विज्ञानी शिक्षा के साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में मद् मिलेगी। बताया यूसर्क निदेशक प्रो. अनीता रावत ने एमओयू के करार पर प्रशंसा जाहिर की है। मौके पर प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा और यूसर्क के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### शिविर में दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए

नई टिहरी। राइंका भल्लेगांव में आयोजित दिव्यांग शिविर में 12 दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनाये गए, जिसमें तीन महिला दो बच्चे शामिल हैं। क्षेत्रीय विधायक ने शिविर में दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर भी बांटी। समाज कल्याण विभाग की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज भल्लेगांव में आयोजित दिव्यांग शिविर का विधायक विनोद कंडारी ने शुभारंभ किया। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिये दूरस्थ क्षेत्र से लोग पहुंचे थे। जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से विधायक ने दिव्यांग व्यक्ति को व्हीलचेयर दी। विधायक ने कहा कि वह विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग जनों हेतु ऐसे शिविर आयोजित करते रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष फोक्स है,वह निरंतर अपना प्रयास जारी रखेंगे। कहा विधान सभा में जल्द एक हाईटेक कोचिंग सेंटर खोल जाऐगा। उन्होंने राइंका भल्ले गांव को कंप्यूटर आदि सामान के लिये दो लाख रुपये देने की घोषणा भी की। विधायक ने निर्धन बालक हिमांशु ( 11 ) पुत्र श्रीकृष्णा दास के इलाज हेतु 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के साथ उनके परिवार को अटल आवास की स्वीकृति प्रदान की। शिविर में डॉ विनय डॉ वरुण ,डॉ नीरज, डॉ मोहित, जिला समाज कल्याण अधिकारी किशन चौहान, मनीषा तिवारी, विनोद ,देवराम जोशी, दया चौहान, दिनेश असवाल, वीरेंद्र चौहन, जेपी बडोनी, रवि चमोली आदि मौजूद थे।

### समायोजित व पदोन्नत शिक्षकों को वरीयता देने का विरोध

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय एलटी ग्रेड सीधी भर्ती संघर्ष समिति की बैठक राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में आहुत की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। इस मौके पर प्राथमिक एवं जूनियर से एलटी में समायोजित/पदोन्नत हुए शिक्षकों को वरिष्ठता प्रदान करने का विरोध किया गया। बैठक में समिति के जिला संयोजक एवं जिला प्रवक्ता आरपी सती ने बताया कि एलटी ग्रेड सीधी भर्ती संघर्ष समिति की एक कोर कमेटी व संयोजक मंडल बनाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक जिले से दो-दो सदस्य नामित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक एवं जूनियर से एलटी में समायोजित/पदोन्नत हुए हैं उनको वरिष्ठता दिए जाने की मांग की जा रही है। उसका एलटी सीधी संघर्ष समिति पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि एलटी शिक्षक भर्ती के शिक्षकों को उनकी नियुक्ति तिथि से चयन वेतनमान नहीं दिया जा रहा है। जबकि परिषद से आए हुए समायोजित शिक्षकों का चयन के साथ परिषद की सेवाओं को जोड़ते हुए वरिष्ठता दी जा रही है, जो कि सीधी भर्ती शिक्षकों के साथ अन्याय व अवैधानिक है। जिसका सीधा भर्ती के शिक्षक घोर विरोध करते हैं। कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि शिक्षक अपने अधिकारों व हितों के संरक्षण के लिए न्यायालय की शरण लेने को तैयार हैं। इस मौके पर गढ़वाल अध्यक्ष श्याम सिंह सुरियल, डा. हेमंत पैन्यूली, रविंद्र सिंह राणा, जयदीप रावत, नरेंद्र सिंह रावत, डॉ बुद्धिबल्लभ, मनोज काला, मनोज परमार, खिलानंद नौटियाल, धर्म सिंह चौहान, अनिल डंडवाल, माधव सिंह बिष्ट, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, लक्ष्मण रावत, सुरेंद्र शाह, उदय प्रताप चंद्र, सुधीर चंद्र सहित आदि मौजूद रहे।

### फर्जी कागजात लगाकर सिम कार्ड बेचने पर कंपनी का एजेंट गिरफ्तार

हरिद्वार। टारगेट पूरा करने के लिए एक कंपनी के एजेंट ने फर्जी तरीके से सिम कार्ड बेचे थे। बहादराबाद पुलिस ने कर्मचारी को उसके गांव भौरी से गिरफ्तार कर लिया है। कर्मचारी के पास से कई उपकरण भी बरामद हुए हैं। भारतीय एयरटेल कंपनी के नोडल अधिकारी कौशलेंद्र त्रिपाठी विभूति खंड गोमती नगर, लखनऊ की शिकायत पर पुलिस ने एक अगस्त को कंपनी के प्रीपेड और पोस्टपेड सिम धोखाधड़ी से बेचने के मामले में केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता का कहना है कि शिकायत मिली थी कि फर्जी तरीके से कंपनी के सिम कार्ड बेचे जा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने नामजद तीन लोगों पर केस दर्ज किया था। दो लोग अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

# तेजी से Weight Loss के लिए कितना चलना है जरूरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : जब भी खुद को फिट रखने और वजन कम रखने की बात आती है तो टहलना उसमें अहम भूमिका निभाता है. लेकिन बहुत से लोग इस बात को गंभीरता से नहीं लेते हैं, उन्हें लगता है कि वॉक से वजन कम नहीं होता है या फिर होता भी है तो बहुत धीरे. तो आपको बता दें कि आपका यह सोचना बिल्कुल गलत है क्योंकि ज्यादातर लोगों को वॉक करने का सही तरीका नहीं पता है जिसके कारण कैलोरी बर्न नहीं कर पाते हैं. ऐसे में आज हम आपको टहलने का सही नियम बताने वाले हैं,वैसे तो 1.6 किलोमीटर की वॉक से 100 कैलोरी बर्न होती है. लेकिन इसके लिए ब्रिस्क एक्सरसाइज करना होगा. आप कहेंगे ब्रिस्क एक्सरसाइज क्या होती है तो आपको बता दें कि इसमें आपको अपने चलने की रफ्तार को बढ़ाना पड़ता है. इसमें आपकी गति कम से कम 6 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए. 1 घंटा में अगर आप 6 किलोमीटर ब्रिस्क वॉक करेंगे तो 100 से 130 कैलोरी बर्न होगी1- आप थोड़ी थोड़ी देर में ऑफिस की सीट छोड़कर पानी लेने, कॉफी पीने के लिए उठिए. इससे आपकी शरीर में अकड़न भी नहीं आएगी और शरीर को आराम भी मिलेगा.2- लिफ्ट और एक्सलेटर की बजाए आप सीढ़ियों का इस्तेमाल करें. ऐसा करके आप अपने पेट पर चर्बी चढ़ने से रोक पाएंगे. इसके अलावा आप गाड़ी की पार्किंग थोड़ी दूरी पर करिए ताकि आपको चलने का मौका ज्यादा से ज्यादा मिले. वहीं, घर का सामान लेने के लिए बाजार गाड़ी के बजाए पैदल जाएं.3- वहीं, वॉक शुरू करने के 5 मिनट बाद तेज वॉक करना शुरू कर दीजिए. इससे शरीर में जमी चर्बी पसीने के रूप में निकल जाएगी.



साभार:सो.मीडिया

# मसूरी में खुशी की लहर, 200 साल में पहली बार मिला पूर्ण तहसील का दर्जा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 07 अगस्त : मसूरी वासियों की बरसों पुरानी साध पूरी हो गई। बीते दिन मसूरी के लिए यादगार लम्हा लेकर आया पहाड़ों की रानी मसूरी को बीते 200 सालों में पहली बार पूर्ण तहसील का दर्जा मिला है। राज्य सरकार के इस फैसले से मसूरी के विकास को रफ्तार मिलेगी। आम लोगों और व्यापारियों को फायदा होगा। तहसील बनने से अब लोगों को अपने जरूरी काम के लिए राजधानी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

शहर के लोग लंबे वक्त से मसूरी को तहसील बनाने की मांग कर रहे थे। बीते दिन कैबिनेट मीटिंग में मसूरी को तहसील बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। इस बात की खबर मिलते ही मसूरी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया और सरकार का आभार जताया। यहां आपको मसूरी की स्थापना के इतिहास के बारे में भी बताते हैं। इतिहासकार जयप्रकाश उत्तराखंडी ने बताया कि मसूरी की स्थापना के दो सौ सालों में ये शहर कभी पूर्ण तहसील नहीं बन सका। ब्रिटिश काल में मेरठ से कमिश्नरी संचालित होती थी। साल 1840 में शहर में मजिस्ट्रेट की तैनाती हो गई थी। यहां वो हर सुविधा दी गई, जो अंग्रेजों को इंग्लैंड में मिलती थी।

साल 1850 में अंग्रेजों ने मसूरी सिटी बोर्ड का गठन किया था। अब राज्य सरकार ने मसूरी को तहसील का दर्जा दिया है। शहर के लोग लंबे वक्त से मसूरी को तहसील घोषित करने की मांग कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी मसूरी ने भी इसके लिए पुरजोर समर्थन दिया था। मसूरी के तहसील बनने से शहर के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और शहर की प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी। कैबिनेट के फैसले से बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। बीजेपी समेत तमाम राजनीतिक संगठनों ने कैबिनेट के फैसले पर खुशी जताई। व्यापारी संगठनों ने भी राज्य सरकार का आभार जताया है।

## संक्षिप्त खबरें

### महामंडलेश्वर स्वामी मैत्री गिरी के आश्रम पहुंचे सांसद निशंक

रुडकी। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर स्थित महामंडलेश्वर स्वामी मैत्री गिरी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए सांसद रमेश पोखरियाल निशंक आश्रम परिसर पहुंचे। उन्होंने महामंडलेश्वर का हाल-चाल जाना तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को हरिद्वार सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक मानव चौक स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर स्थित आश्रम पहुंचे। जहां पर उन्होंने जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी मैत्री गिरि के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने महामंडलेश्वर के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की तथा संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर महामंडलेश्वर हेमानंद सरस्वती, डॉ. निर्मला गिरी, शोभित गुप्ता, जमीर हसन अंसारी मौजूद रहे। बाद में डॉ. निशंक भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर त्यागी के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिशन 2024 के लिए कमर कस लेनी चाहिए तथा आने वाले चुनाव में हर बूथ मजबूती के साथ खड़ा दिखाई देना चाहिए ताकि पहले से बेहतर स्थिति में केंद्र में एक बार फिर भाजपा की सरकार बन सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा शोभाराम प्रजापति, राजीव राणा, ऋषिपाल बालियान, ओम प्रकाश जमदग्नि, अरुण चौधरी, अंकित कपूर, आकाश मोहित, रमेश प्रधान, चौधरी सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### देवलगढ़ क्षेत्र विकास समिति के चौथी बार अध्यक्ष बने उनियाल

श्रीनगर गढ़वाल। देवलगढ़ क्षेत्र सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास समिति की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें देवलगढ़ राजराजेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल लगातार चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित किए हुए। सुमाड़ी से सुरेश मुयाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भूपेन्द्र सिंह पंवार और बिसाम्बरी देवी को उपाध्यक्ष, गबर सिंह भण्डारी को महासचिव, दुर्गेश कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। ताजबर कुमार, विकास भण्डारी, सचिन भण्डारी को संगठन मंत्री, ऋषभ कुमार, उत्तम सिंह कैंतुरा और राजेश कुमार को प्रचार मंत्री बनाया गया है। शिव प्रसाद, बिमल सिंह, मंगल सिंह, सुनील पुरी, कोमल देवी व हेमा देवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। देवलगढ़ सामाजिक मिलन केन्द्र में आयोजित बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुंजिका प्रसाद उनियाल ने पौड़ी, खिर्सू, देवलगढ, धारीदेवी और श्रीनगर को पर्यटन सर्किट से जोड़े जाने पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार व्यक्त करते हुए पर्यटन सर्किट सम्बन्धी कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने की मांग की। इस मौके पर क्षेत्र स्तर पर शीघ्र स्वच्छता अभियान के साथ नशामुक्ति अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

### पालतू कुत्तों को लेकर विवाद, फायरिंग का आरोप

हरिद्वार। हरिद्वार-रुडकी रोड स्थित बढ़ेडी राजपुताना के निकट आनंदम सिटी में देर रात प्रॉपर्टी डीलरों में पालतू कुत्ते को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि एक प्रॉपर्टी डीलर ने दो राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर समेत आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार एकलव्य पुत्र उमाकांत सैनी की तरफ से मामले में शिकायत दी गई है। शिकायत के अनुसार शनिवार रात मुज्जफरनगर निवासी कई लोग उनके घर पहुंचे। एक युवक ने आतंकित करते हुए घर पर हवाई फायरिंग शुरू कर दी। जिससे वह डरे-सहमे हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह ने बताया कि दोनों पक्ष प्रॉपर्टी डीलर हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुत्ते लेकर उनके घर के बाहर आते हैं और वहा गंदा करते हैं। इस प्रकरण में पहले भी समझौते हुए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके घर आकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में अंकित त्यागी समेत अज्ञात आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक की हत्या में चार दोस्तों पर मुकदमा

हरिद्वार। रेलवे लाइन के पास संदिग्ध अवस्था में मृत मिले युवक की हत्या सिर पर वार कर की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा होने पर मृतक की मां ने बेटे के चार दोस्तों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिछले महीने की 30 जुलाई को आकाश उर्फ मोगली (28 वर्ष) निवासी झलकारी बस्ती बिल्वकेश्वर रोड का शव रेलवे लाइन के पास मिला था। मृतक के शरीर पर कई जगह घाव होने की बात सामने आई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। सामने आया था कि घटनास्थल के आस पास नशे के आदी लोगों का जमावड़ा लगता था, संभवत युवक के साथ कोई अनहोनी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि युवक के सिर पर किसी भारी भरकम वस्तु से वार किया गया था, जिस वजह से उसकी मौत हो गई।

## ई-रिक्शा महासंघ ने किया रूट प्लान का विरोध

हरिद्वार। ई-रिक्शा महासंघ ने बैठक कर प्रदेश में ई-रिक्शा के लिए लागू होने वाले रूट प्लान का विरोध किया है। साथ ही महासंघ ने नए ई-रिक्शा का पंजीकरण पांच वर्ष के लिए बंद करने की मांग की है। रूट प्लान लागू होने और पंजीकरण बंद न होने पर महासंघ ने सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

रविवार को हरिद्वार के निजी होटल में महासंघ की बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान ई-रिक्शा महासंघ के अध्यक्ष नवीन तेश्वर ने कहा कि शासन के रूट प्लान लागू करने से ई-रिक्शा चालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट मंडराने लगेगा। साथ ही रूट निर्धारित होने से आय पर भी फर्क पड़ेगा। इस कारण बैंक आदि की किश्तों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती बन जाएगी।

हमारी मांग है की ई-रिक्शा की संख्या निर्धारित करने के लिए ई-रिक्शा का पंजीकरण पांच वर्ष के लिए बंद किया जाए। रूट प्लान और पंजीकरण बंद करने के लिए एआरटीओ से वार्ता की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन भेजा जाएगा। रूट प्लान लागू होने और पंजीकरण बंद न करने पर महासंघ सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगा। बैठक में महासंघ के महामंत्री राजू मनोचा और खाटू श्याम ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि रूट ई-रिक्शा पर रोक लगाने से पहले पंजीकरण पर रोक लगानी चाहिए। परिवहन विभाग के अधिकारी बार बार ई-रिक्शा पर नाराजगी का राग अलापते है। रूट प्लान का विरोध किया जाएगा। बैठक में राजकुमार, एंथोनी, चंद्रपाल, आदित्य झा, देवा, परविंदर पंडित, आशीष, अमित, राहुल वतन झा, राकेश यादव, अमर पाल आदि उपस्थित रहे।

## किशोरियों को वेंडिंग मशीन का प्रशिक्षण दिया

रुडकी। बाल विकास परियोजना रुडकी ग्रामीण प्रथम खंजरपुर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत रविवार को एक बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि डीपीओ सुलेखा सहगल, पूनम प्रधान, रिचा गर्ग की उपस्थिति में मेरी सहेली वेंडिंग मशीन का प्रशिक्षण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और किशोरियों को दिया गया। सभी को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं नंदा गौरा योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना की जानकारी दी गई। साथ ही स्तनपान से संबंधित किशोरियों की पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें हिमांशी ने प्रथम, जया ने दूसरा और देवेशी कपूर ने तीसरा स्थान हासिल किया। डीपीओ और सुपरवाइजर ने तीनों विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान किशोरियों को नैपकिन पैड का वितरण भी किया गया।

## रात को सोने से पहले जरूर करें यह काम, बीमारी से रहेंगे दूर



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : हम सभी अपनी रोजमर्रा के जीवन में इतने व्यस्त हैं कि वर्कआउट के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है.अगर आप नियमित रूप से जिम नहीं जा सकते हैं, तो आप डिनर के बाद टहलना शुरू कर सकते हैं इससे सोने और रात के खाने के बीच समय का अंतर बढ़ जाता है, जो बेहद जरूरी है. रात के खाने के बाद टहलने के कितने हेल्थ बेनेफिट्स, यहां दिए गए हैं.

1- यह हमारे पाचन में सुधार करता है और पेट से संबंधित किसी भी अन्य समस्या से राहत देता है. चयापचय को बढ़ावा देने के सबसे आसान तरीकों में से एक है रात के खाने के तुरंत बाद लेटने के बजाय टहलना. इससे शरीर में अतिरिक्त कैलोरी इकट्ठा नहीं होती है और आपका फिगर भी मेंटेन रहता है.2- रात के खाने के बाद टहलने से आपका पाचन बेहतर होता है और इससे शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं.

इससे आपके आंतरिक अंग बेहतर काम करते हैं और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है. 3- भोजन के 30 मिनट बाद टहलने से शरीर में ग्लूकोज का स्तर नियंत्रित रहता है. क्या आप अक्सर पूरा खाना खाने के बाद भी कुछ खाने के लिए ढूंढते हैं? आधी रात को खाना आमतौर पर ठीक नहीं होता है और यदि आपका पेट पहले ही भर चुका है तो यह आपके वजन घटाने की प्रक्रिया में बाधा डालता है. 4- पैदल चलना तनाव को दूर करने और आपके शरीर में एंडोर्फिन जारी करने में मदद करता है. इससे आप बेहतर महसूस करते हैं और आपका मूड अच्छा हो जाता है. इस प्रकार, रात के खाने के बाद टहलना आपको खुश रख सकता है और अवसाद को हरा सकता है.

## बाइक सवार पर झपटा गुलदार

पौड़ी। चौबट्टाखाल-दमदेवल मोटर मार्ग पर गुलदार की धमक कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को गुलदार ने इस मार्ग पर फिर से एक बाइक सवार बीएलओ शिक्षक पर हमले का प्रयास किया गनीमत रहीं कि गुलदार के हमले में बीएलओ शिक्षक बच गया।

रविवार को चौबट्टाखाल- दमदेवल मोटरमार्ग पर दौमाधार के पास गुलदार ने बीएलओ ड्यूटी पर बाइक से जा रहे शिक्षक पर हमला कर दिया। शिक्षक विनोद रावत बीएलओ ड्यूटी पर घर-घर सत्यापन के लिए जा रहे थे। शिक्षक विनोद रावत ने बताया कि वे राजकीय जूनियर हाईस्कूल चमनाऊं-सौंडल में कार्यरत है। कहा कि गुलदार की दहशत से लोग परेशान है। इससे पूर्व चौबट्टाखाल- गवाड़ी मोटर मार्ग पर भी दुपहिया वाहन सवार और पैदल चलने वालों की मुश्किलें बढ़ी हुई है। बीते गुरुवार को इंटर कॉलेज चौबट्टा में तैनात शिक्षिका सुनीता नवानी अपने घर गवाड़ी से स्कूटी में सवार होकर सुबह के वक्त स्कूल जा रही थी। इस बीच अचानक मार्ग पर गुलदार आ धमका, किसी तरह से वह गुलदार से बचकर स्कूल पहुंची। समाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि गुलदार के डर से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया। वे अपने घरों से निकलने से बच रहे हैं। उन्होंने वन वन विभाग से गुलदार प्रभावित क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ निजात दिलाने की गुहार लगाई है। इधर, डीएफओ गढ़वाल प्रभाग स्वप्निल अनिरूद्ध ने कहा कि गुलदार प्रभावित क्षेत्र में गश्त बढ़ाई दी गई है। साथ ही गुलदार को पकडने को पिंजरा लगाने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। अनमति मिलते पिंजरा लगाया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी द्वारा बनाया जा रहा नौनिहालों के लिए परेड ग्राउंड में किड जोन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 07 अगस्तः स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित किए जा रहे परेड ग्राउंड में अब बच्चों के खेलने हेतु एक किड जोन तैयार किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी द्वारा परेड ग्राउंड का जीनोद्धार किया गया है, जिसमे काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों द्वारा भ्रमण कर इसका लाभ उठाया जा रहा है। इसी तथ्य को मध्य नजर रखते हुए स्मार्ट सिटी द्वारा किड जोन के रूप में एक और पहल प्रारम्भ की गई है।तैयार किए जाने वाले किड जोन में बच्चों खेलने हेतु 2 सैंड पिट, का निर्माण किया गया है जिसमे विभिन्न प्रकार के झूले बच्चो के खेलकूद एवम मनोरंजन हेतु लगाए जा रहे



हैं।पर्यावरण संरक्षण हेतु किड जोन के बाहरी भाग में घास पेवर लगाकर पैदल चलने हेतु वॉक वे बनाया गया है साथ ही जगह जगह पर क्यारी बनाकर हॉर्टिकल्चर का कार्य किया जा रहा है।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विभिन्न मिशन यथा मार्स आर्बिटर मिशन (MOM), पीएसएलवी, चंद्रयान-1, चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 आदि को समर्पित sculpture art का भी कार्य किड जोन मे करवाया जा रहा है।शीघ्र ही यह किड जोन तैयार होकर बच्चों हेतु खेलने के लिए उपलब्ध होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा।

# बच्चे के रूटीन के ये 9 मिनट होते हैं बहुत सेंसिटिव, पेरेंट्स इस समय जरूर रहें साथ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


साभार - सो.मी

ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : बच्चे जब छोटे होते हैं तो वो अपने हर काम के लिए माता-पिता पर निर्भर होते हैं. यह वह समय होता है जब उन्हें मां-बाप की सबसे ज्यादा जरूरत होती है. इस दौरान बच्चे को पेरेंट्स की भावनात्मक तौर पर सबसे ज्यादा जरूरत होती है. बचपन वह नाजुक समय होता है जिसमें माता-पिता की जरा सी भी लापरवाही बच्चे के दिमाग पर बुरा असर डाल सकती है. इसलिए पूरे दिन में 9 मिनट ऐसा होता है जब पेरेंट्स को बच्चों के साथ जरूर होना चाहिए. आपको बता दें कि सुबह जब बच्चा उठता है तो आप 3 मिनट जरूर उसके साथ गुजारिए. वहीं, सोने से पहले भी आप उसके साथ 3 मिनट गुजारिए और स्कूल से आने के बाद भी आप 3 मिनट गुजारिए. इसके अलावा भी आप बच्चे के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं, जैसे- आप खाना एक साथ खा सकते हैं, आउटडोर., इनडोर गेम खेल सकते हैं, आप हर वीकेंड पर उनको किसी पार्क और म्यूजियम में घुमाने ले जा सकते हैं. आप उनके साथ घर में साथ बैठकर कार्टून भी देख सकते हैं या फिर उनको मोरल स्टोरी सुना सकते हैं. इससे आपके और बच्चे के बीच बॉन्ड अच्छा होगा. वहीं, आप ऑफिस से आने के बाद बच्चे ने दिन भर क्या किया है इसके बारे में बातचीत कर सकते हैं. इससे आपको उनके दोस्तों के बारे में उनकी रुचियों के बारे में भी पता लग सकेगा. तो आज से आप अपने बच्चे के साथ इस तरह समय गुजार कर एक हेल्दी रिलेशन बना सकते हैं जो कि, पेरेंट्स होने के लिहाज से बेहद जरूरी है.

# डीएम उदय राज सिंह ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रूद्रपुर 7 अगस्त, जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो, अलार्म व सीसी टीवी कैमरों को भी चैक किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सही रखने तथा झाड़ियों का कटान कराने के निर्देश दिये। उन्होंने परिसर में दीवार निर्माण हेतु आवंटित धनराशि, कार्यदायी संस्था लोनिवि को ट्रान्सफर की गई धनराशि आदि के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड मस्तूदास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, तहसीलदार पूजा शर्मा, बीजेपी जिलामंत्री गजेन्द्र प्रजापति, कॉन्ग्रेस प्रतिनिधि सुनील आर्य सहित ड्यूटी प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चमोलीसैंण में फलदार पौधे लगाए

पौड़ी। द्वारीखाल ब्लाक के चमोलीसैंण में फलदार पौधरोपण लगाए गए। चमोलीसैंण के पंचायतघर के समीप आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा ने आम के पौध का रोपण किया। साथ ही ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों द्वारा भी फलदार पौधरोपण किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख ने कहा कि हम पौधरोपण तो कर रहे हैं लेकिन उनकी देखभाल नही कर रहे हैं। हमारा यह कार्यक्रम तभी सफल होगा जब हम इन पेड़ो के देखभाल का जिम्मा भी लें। इस समय ब्लाक द्वारा 58 हजार फलदार पौध का वितरण किया गया है। लेकिन इस पौधों की देखरेख हमें स्वयं की करनी है व गत वर्ष रोपित पौधे का भी रिकार्ड रखे कि कितने सही स्थिति में हैं। फलदार पौध से हमारी आमदनी में वृद्वि होगी हमें अपने घर में ही रोजगार मिलेगा। पेड़ लगाने से हमारा पर्यावरण शुद्व रहेगा। जिससे अनेकों बीमारियों से बचा जा सकेगा। ग्राम पंचायत में 250 आम के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान मीना देवी, खण्ड विकास अधिकारी विद्यादत्त रतूडी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जेई मनरेगा विजयपाल रावत, चंद्रमोहन नेगी, ग्राम विकास अधिकारी अनिल केष्टवाल, रोजगार सहायक पान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह, प्रधान सीला मोहन काला, प्रधान ओडलबडा कुसुम देवी, गजेंद्र रावत आदि शामिल रहे।

### अनियमित बारिश ग्लोबल वार्मिंग का सबसे बड़ा प्रभाव

पौड़ी। खिर्सू ब्लाक के राइंका चोपड़ा में शुक्रवार राजनीति विज्ञान शाखा द्वारा ग्लोबल वार्मिंग विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्कूल में राजनीति विज्ञान प्रवक्ता मयंक उनियाल द्वारा यह नई पहल शुरू की गई है। जिसके द्वारा विद्यार्थी समसामयिक विषयों पर चर्चा कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं शुभम, नरेंद्र, गुंजन पंत, मीनाक्षी, मनीषा, रंजना, शांति ,सिमरन, स्वाति, तृप्ति ने इस विषय पर अपनी बात रखते हुए इससे पडने वाले प्रभावों, बचाव के उपाय, वैश्विक स्तर पर चल रहे प्रयासों के बारे में अपने-अपने विचार रखे। साथ ही सभी छात्रों ने इसपर भी एक राय व्यक्त की कि हमें हमारे पर्यावरण व परिस्थितिकी को लेकर भी अधिक संजीदा होने की आवश्यकता है तभी सामूहिक प्रयासों से इस वैश्विक समस्या से निपटा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में विषय अध्यापक मयंक उनियाल ने ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बताया कि वर्तमान समय में हो रही अनियंत्रित, अनियमित बारिश ग्लोबल वार्मिंग का सबसे बड़ा स्पष्ट प्रभाव है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में जहां एक ओर व्यक्तित्व विकास होगा, वहीं इससे उनकी समसामयिक मुद्दों पर भी रुचि एवं ज्ञान में वृद्धि होगी। इस मौके पर प्रधानाचार्या उर्मिला, कक्षाध्यापक ललिता शाह शामिल रहे। संचालन स्वाति, गुंजन ने किया।

### देवलधार में पौधरोपण किया

चमोली। चरण पादुका गोथल समिति के आह्वान पर ग्रामीणों, भेषज संघ चमोली और केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग ने ग्राम देवलधार में पौधरोपण किया। तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित मीना तिवारी ने बताया कि सबको साथ लेकर धरती को हरा भरा करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है इस अवसर बालकवि कार्तिक तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण पर कविता सुनाई । जिला भेषज सहकारी संघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह असवाल ने लेमन ग्रास, नींबू, नासपाती, बड़ी इलायची और तेज पत्ता की पौधें इस कार्यक्रम में वितरित की। मौके पर पर्यावरण प्रेमी सुधीर तिवारी, ग्राम प्रधान गीता देवी,डीएस. खाती, प्रवीण डिमरी,लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

### जोशीमठ में बारिश से 50 लाख तक का नुकसान

चमोली। शनिवार की रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। रविवार को रूक रूक कर दिन भर भारी बारिश होती रही। शनिवार रात की बारिश के बाद जोशीमठ में जगह-जगह भू कटाव शुरू हो गया है। जिससे लोगों में डर है। नुकसान का जानकारी लेने के लिए पालिका की टीम ने नगर के सभी क्षेत्रों का दौरा किया। ईओ भारत भूषण पंवार ने बताया कि जोशीमठ नगर को शनिवार रात्रि हुई बारिश से 50 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। कहा कि इस बारिश से सिंहधार व सुनील वार्ड में रास्ते, नाली, सुरक्षा दीवारें और रेलिंग कई जगह टूट गई हैं, बताया कि पूरी रिपोर्ट सोमवार को प्रशासन को भेजी जायेगी। औली में भी भूस्खलन से पेयजल लाइन टूटीः भारी बारिश के कारण औली में चियर लिफ्ट टावर नम्बर दो के निकट भारी भूस्खलन शुरू हो गया है और यहां पर दो बड़े बोल्डर ऊपर से नीचे गिर गए हैं। जिस कारण से यहां पर दी गई सुरक्षा दीवार को खतरा हो गया है। साथ ही इस भूस्खलन से जीएमवीएन की पेयजल लाइन भी टूट गई है।

### उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी कैलाश देवली के निधन से शोक की लहर

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय रहे रुद्रप्रयाग निवासी राज्य आंदोलनकारी कैलाश चन्द्र देवली के आकस्मिक निधन से रुद्रप्रयाग में शोक की लहर है। हर कोई निधन पर दुख व्यक्त कर रहा है। अलकनंदा नदी किनारे पैतृक घाट गुलाबराय में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बीती रात करीब 9 बजे राज्य आंदोलनकारी कैलाश देवली ने अपने निवास स्थान गुलाबराय में ही अंतिम सांस ली। घटना से सम्पूर्ण क्षेत्र ही नहीं रुद्रप्रयाग नगर एवं प्रदेशभर में दुख की लहर दौड़ पड़ी। कैलाश देवली ने राज्य की लड़ाई के लिए लड़े जाने वाले आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। वह जेल भी गए। जबकि विभिन्न मामलों में वह जनता के आंदोलन में बढ़चढक़ भागदीरी करते रहे। हालांकि उन्हें राज्य आंदोलनकारी के रूप में नौकरी भी मिली किंतु कुछ साल पहले वह सेवानिवृत हो गए थे। उनके निधन पर आंदोलनकारी एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष किशोरी नंदन डोभाल, रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत, जिपंअ अमरदेई शाह, पूर्व विधायक मनोज रावत, ब्लॉक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री प्रदीप बगवाड़ी, व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष अंकुर खन्ना, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक चौधरी, व्यापार संघ के अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट, भाजपा के पूर्व महामंत्री अजय सेमवाल, यूकेडी के जिलाध्यक्ष बुद्धिबल्लभ ममगाईं, स्थानीय व्यापारी प्रदीप चौधरी, दीपांशु भट्ट व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष माधो सिंह नेगी, लक्ष्मण बिष्ट सहित बड़ी संख्या में लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### लमगौंडी में राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

रुद्रप्रयाग। लमगौंडी में मन्दाकिनी महिला बुनकर समिति केन्द्र में राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने बुनकर समिति की महिलाओं के साथ सप्ताह की शुरुआत की। भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा के आह्वान पर 4 से 14 अगस्त तक राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मन्दाकिनी महिला बुनकर समिति के चैयरमैन डा. हरिकृष्ण बगवाडी को शाल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# उत्तराखंड की बेटी मानसी नेगी ने बढ़ाया चीन में देश का मान






साभार - सो.मी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली 07 अगस्त : उत्तराखंड समेत पूरे देश के लिए गर्व का पल है। चीन में आयोजित हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में मानसी नेगी ने कांस्य पदक जीता है। मानसी नेगी चमोली जिले के मजोठी गांव की रहने वाली है। आज हम मानसी को एक सफल एथलीट के रूप में जानते हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने का सफर उनके लिए कतई आसान नहीं था। मानसी मूल रूप से चमोली जिले के मझोठी गांव की रहने वाली हैं।

उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा है। 7 साल पहले मानसी के पिता की मौत हो गई थी, जिसके बाद उनके परिवार की जिम्मेदारी माता शकुंतला देवी पर आ गई। मां शकुंतला देवी ने गांव में ही खेती-मजदूरी कर अपनी बेटी को पढ़ाया-लिखाया और आगे बढ़ने का हौसला दिया। उनका संघर्ष रंग लाया और आज मानसी सफलता के नए पायदान चढ़ रही हैं। मानसी नेगी ने पिछले साल गुवाहाटी में 11 से 15 नवंबर तक आयोजित 37वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अंडर-20 महिला वर्ग की 10 हजार मीटर वॉक रेस में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 47:30:94 मिनट में दौड़ पूरी कर रिकॉर्ड बनाया था। अब मानसी ने चीन के चेंगदू में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक अपने नाम किया है।

# प्रथम श्वास फाउंडेशन, दून सिटीजन काउंसिल व पृथ्वीनाथ महादेव मन्दिर सेवा दल ने लगाया रक्तदान शिविर



- 63 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ
- 189 लोगों को मिलेगा जीवन दान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 07 अगस्त : प्रथम श्वास फाउंडेशन, सिटीजन काउंसिल व पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवा दल की ओर से एक रक्तदान शिविर का आयोजन रेसकोर्स स्थित अमरीक हाल में किया गया जहां पर 63 यूनिट ब्लड एकत्र कर 189 लोगों को जीवनदान मिला।कार्यक्रम का उद्घाटन दून इंटरनेशनल स्कूल के ऑनर मिस्टर डीएस मान ब्रिगेडियर के जी बहल, डॉ बक्शी, श्वेता राय तलवार, सुनील अग्रवाल, जोगिंदर पुंडीर ,रविंद्र सिंह आनंद, डॉक्टर कृष्ण अवतार ,सोनिया आनंद , सिंधु गुप्ता , डॉ कौशिक, सतपाल जी, पूर्व विधायक राजकुमार , अशोक वर्मा , डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल , जैसल जी सुभाष जोशी , मोंटी कोहली जी ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत आरंभ किया ।

कार्यक्रम के संयोजक अनामिका जिंदल व संजय गर्ग ने बताया कि यह शिविर स्वर्गीय अनुराग अग्रवाल जी को श्रद्धांजलि स्वरुप गुरु राम राय हॉस्पिटल के सहयोग से लगाया गया । शिविर में सभी रक्त वीरों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया वहीं यूपीएस कॉलेज के स्टूडेंट्स जो कि कार्यक्रम को वॉलिंटियर कर रहे थे उनको भी सम्मान स्वरूप सर्टिफिकेट फॉर गिफ्ट प्रदान किए गए । इस मौके पर शिविर में प्रिया गुलाटी ,मंजू ,भक्ति ,सुमन, बबीता ,इंदु ,रमा ,ऊषा, प्रवीण, नैंसी, अरुणा ,शशि, मोना ,नवीन, कान्हा ,विक्की ,अमित ,तुषार, अरुण ,दीपक ,अखिलेश ,रोशन राणा ,अंकुर ,प्रदीप ,रविंद्र ,गणेश प्रेम, दिनेश, हरी ,राजेंद्र ,रितु, दुग्गल, सुमित , बालक नाथ जी आदि मौजूद रहे। इन्हीं के साथ अमूल्य वर्मा ,मृत्युंजय ,आयुषी, अश्विन ,आर्यन सिंह ,अलीशा, अनुनय ,अनुज ,अमन ,आर्यन, भावेश ,अतिशय ,दिवांश ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।




## संपादकीय



## राहुल गांधी की सांसदी

सर्वोच्च अदालत ने 'मोदी मानहानि मामले' में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत और उच्च न्यायालय के फैसलों को खारिज करते हुए सवाल किया है कि मानहानि के संदर्भ में 2 साल की अधिकतम सजा सुनाने के कारण और आधार क्या हैं? यदि एक दिन कम की भी सजा सुनाई गई होती, तो राहुल गांधी की सांसदी रद्द नहीं की जाती। यह मात्र एक सांसद की सदस्यता का सवाल नहीं है, बल्कि एक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व छीनने का मामला है। संसदीय क्षेत्र के जिन लाखों लोगों ने वोट देकर उन्हें सांसद चुना था, उनके मताधिकार के अपमान का सवाल है, लिहाजा संवैधानिक सरोकार भी है। सर्वोच्च अदालत ने एक जन-प्रतिनिधि के नाते राहुल गांधी को भी नसीहत दी है कि वह सार्वजनिक मंच से सोच-समझ कर बयान दें, क्योंकि सांसद के बयान, कथन का असर व्यापक होता है। उससे जन-व्यवस्था असंतुलित हो सकती है और किसी व्यक्ति, जाति, समुदाय, संगठन का अपमान भी होता है।किसी के मौलिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन भी होता है। बहरहाल सर्वोच्च अदालत के फैसले को कांग्रेस नेताओं ने सत्य, न्याय, संविधान और लोकतंत्र की जीत करार दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर पार्टी प्रवक्ताओं तक ने ऐसी ही टिप्पणियां की हैं। अब राहुल समेत संपूर्ण कांग्रेस को आश्वस्त हो जाना चाहिए कि देश में संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका अब भी जिंदा हैं और प्रभावशाली भी हैं। बहरहाल राहुल गांधी कुछ अतिरिक्त संयत लगे, जबकि कुछ प्रवक्ता तो 'तानाशाहों' तक पहुंच गए। बेशक कांग्रेस के लिए ये गदगद होने और जश्न मनाने के पल हैं। राहुल की सांसदी ही समाप्त नहीं की गई थी, बल्कि वह 8 सालों के लिए चुनाव के 'अयोग्य' हो जाते। अब वह नए उत्साह, नए जोश के साथ विपक्षी गठबंधन को आगे दौड़ाने में जुटेंगे और 2024 का चुनाव लड़ अपने नेतृत्व का दावा भी जिंदा रखेंगे। अभी से उन्हें 'इंडिया' का कप्तान मान लेना और प्रधानमंत्री पद की 'स्वाभाविक पसंद' मानना 'अपरिपक्व राजनीति' है। आपको याद दिला दें कि 13 अप्रैल, 2019 को राहुल गांधी ने कर्नाटक की एक चुनावी जनसभा में सवाल उठाया था-'मोदी सरनेम वाले सभी चोर क्यों होते हैं?' दरअसल उनके निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी थे, जिनके खिलाफ कांग्रेस ने दुष्प्रचार अभियान छेड़ा हुआ था-'चौकीदार चोर है।' बहरहाल आपराधिक मानहानि का वह केस आज भी अदालत में है। शीर्ष अदालत ने सिर्फ सजा पर रोक लगाई है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# तो है न उर्दू एक दिलचस्प ज़बान !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 7 अगस्त , हिंदुस्तान की सभ्यता और साहित्य की मिठास घोलती उर्दू में मु शब्द बड़ा महत्वपूर्ण है। इस से बहुत सारे शब्द बनते हैं। क्या आपने कभी गौर किया है। यकीनन नहीं किया होगा तो आइये आज इसी मु से जुड़े कुछ प्रचलित शब्द और उसके मायने समझाते हैं।

शब्द है जुर्म (अपराध), इस से बनता है मुजरिम यानी अपराध करने वाला।

शब्द है इंतज़ार। इस से बनता है मुंतजिर। यानी इंतज़ार करने वाला।

शब्द है इंसाफ़ (न्याय)। इस से बनता है मुंसिफ़ यानी इंसाफ़ करने वाला।

तस्सवुर का अर्थ है कल्पना। तस्वीर भी इस से बनता है। अब इस में मु लगा दें तो बन जाता है मुसव्विर यानी चित्रकार।

तक़रीर का अर्थ है भाषण। इसी से बनता है मुक़र्रिर यानी भाषण देने वाला।

उर्दू का एक शब्द है इख़्तिलाफ़ जिसका अर्थ है मतभेद, भिन्नता। इसी से बना है मुख़्तलिफ़ यानी विभिन्न, पृथक।

इसी तरह शब्द है इख़्तिसार जिसका अर्थ है बड़े आलेख को काट छांट कर छोटा करना। इसी से बना है मुख़्तसर यानी संक्षेप में।




शब्द सिलसिला (यानी क्रम) से बना है मुसल्सल अर्थात् लगातार

अब एक शब्द है मुवक्किल। यह शब्द वकील से बना है। मुवक्किल का अर्थ है वकील का असामी, जो अपना मुक़द्मा वकील को देता है।

अक्सर हम और आप इन शब्दों का इस्तेमाल तो करते हैं लेकिन इस तरह से मु की अहमियत को कभी नहीं आंका है। दरअसल गंगा जमुनी तहज़ीब से महकती उर्दू इसलिए तो है एक कीमती ज़बान

# एसएसपी पौड़ी की आम जनमानस से अपील : ऑनलाइन ठगी से रहे सावधान

## साइबर ठग पोर्टल के माध्यम से अच्छा फायदा दिलाने के नाम पर कर रहे हैं ठगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 07 अगस्त : साइबर ठगों द्वारा विभिन्न एवं नये-नये तरीके अपनाकर आमजन मानस को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है जैसे (फोन कॉल कर आवाज बदलकर, पोर्टल के माध्यम से अच्छा फायदा दिलाने व फ्लिपकार्ट पर सामान खरीदने, व्हाट्सएप पर लॉटरी, बिजली कनेक्शन काटने, टिकट बुकिंग कैंसिल कराने, होटल बुकिंग आदि के नाम पर), ई-मेल, लिंक भेजकर एवं सोशल साइट्स (फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि) पर भिन्न-भिन्न प्रकार के लुभावने ऑफरों के लालच दिया जा रहा है, जिनमें से कई व्यक्ति लालच में आकर साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं।इस प्रकार के प्रकरणों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा स्वयं संज्ञान लेकर जनपद की साइबर सेल को उक्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



दिनांक 29.07.2023 को आवेदन प्रमोद बंसल, निवासी-डिवाइन अर्थ हर्बल इन्टरप्राईजेज, कोटद्वार,पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनको को कॉल

- एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के कुशल निर्देशन में जनपद की साइबर सेल ने लौटाई शत-प्रतिशत धनराशि
- मेहनत की कमाई वापस पाकर पीड़ित व्यक्ति द्वारा प्रत्यक्ष व वीडियो के माध्यम से जताया पौड़ी पुलिस का आभार

कर बताया कि हमारा b2b पोर्टल जिसके माध्यम से आपको अच्छा फायदा करा सकते हैं, साथ ही एक महीने में 02 इंटर-नेशनल वेरीफाईड बायर भी देंगे, जिसके सब्सक्रिप्शन चार्ज के रूप में उनसे ₹1,12,000/- की ऑनलाइन ठगी की गयी। जनपद की साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये नियमानुसार सम्बन्धित पेमेंट गेटवे /बैंक नोडल से पत्राचार कर आवेदक के खाते से कटी ₹1,12,000/- रुपये की धनराशि उनके खाते में वापस करायी गयी। जिस पर साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति द्वारा मेहनत की कमाई वापस पाकर प्रत्यक्ष व वीडियो के माध्यम से पौड़ी पुलिस का आभार जताया।

**एसएसपी पौड़ी ने की आम जनमानस से अपीलः-**

अज्ञात व्यक्ति के कॉल और मेसेज से सावधान रहें।

अपना Password, OTP, CVV कदापि शेयर न करें।

अन्जान Link, Online Job ऑफर से संबंधित Link पर भूलकर भी क्लिक न करें।

आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होता है तो तुरन्त हेल्पलाइन नंबर 1930 व "उत्तराखण्ड पुलिस एप" के साइबर कंप्लेंट पर आसानी से शिकायत कर सकते हैं। जागरूक बनें एवं अन्य को भी जागरूक करें।

# उत्तराखंड पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन, ये नियम तोड़े तो खैर नहीं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 07 अगस्त : फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन दौड़ा रहे लोग अब पुलिस की नजर से बच नहीं पाएंगे। ऐसे लोगों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से खास अभियान चलाने जा रहे हैं। 15 अगस्त से प्रदेशभर में अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जो लोग बिना आईएसआई मार्का हेलमेट व शराब पीकर वाहन चलाते दिखेंगे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए वाहन चलाने वाले नाबालिगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

पिछले साल 84 मामलों में कार्रवाई की गई थी, वहीं इस वर्ष 384 नाबालिगों के खिलाफ वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई है। गुरुवार को यातायात निदेशक मुख्तार मोहसिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से



प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक यातायात व यातायात निरीक्षक के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें ट्रैफिक रूल्स का पालन न करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि चालान के कई मामलों में यह दर्शाया जाता है कि वाहन घर पर था, इससे साफ पता चलता है कि फर्जी नंबर प्लेट का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है।

पिछले साल 84 मामलों में कार्रवाई की गई थी, वहीं इस वर्ष 384 नाबालिगों के खिलाफ वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई है। गुरुवार को यातायात निदेशक मुख्तार मोहसिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक यातायात व यातायात निरीक्षक के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें ट्रैफिक रूल्स का पालन न करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि चालान के कई मामलों में यह दर्शाया जाता है कि वाहन घर पर था, इससे साफ पता चलता है कि फर्जी नंबर प्लेट का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है।

# पौड़ी पुलिस की साइबर धोखाधड़ी करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

- साइबर धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त को पौड़ी पुलिस ने किया सागरपुर, दिल्ली से गिरफ्तार
- Lapse Policy Renewal₹ कराने के नाम पर की थी साइबर धोखाधड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 07 अगस्त : एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में पौड़ी पुलिस की साइबर धोखाधड़ी करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही।दिनांक 10.06.2023 को चन्द्रपकाश पुत्र स्व0 उदयराम, निवासी के-प्राइड मॉल, तडियाल चौक, कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनसे ₹Lapse Policy Renewal₹ के नाम पर ₹ 1 लाख 46 हजार की साइबर धोखाधड़ी की गयी। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर मु0अ0सं0-117/2023, धारा-420/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा उक्त धोखाधड़ी की घटना को गम्भीरता से लेते हुये अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित करने के लिए आदेशित किया गया। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार श्री शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देशन, श्री विभव सैनी पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में Paytm व अन्य बैंकों की डिटेल व मोबाइल नम्बरों की गहनता से जाँच व सुरागरसी-पतारसी कर अथक प्रयासों से उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त रंजीत रंजन ठाकुर को आज दिनांक 05.08.2023 को सागरपुर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त के सभी बैंक खातों को नियमानुसार फ्रीज करने की कार्यवाही की गयी है।

**अभियुक्ति का नाम पता**

रंजीत रंजन ठाकुर (उम्र-39 वर्ष) पुत्र रामसागर ठाकुर, निवासी-ग्राम व पोस्ट फुलहर, थाना-हरलाकी, जिला-मधुबनी बिहार, हॉल निवासी- RZ-79 मोहन




ब्लाक, गली नम्बर-05, थाना-सागरपुर, साउथ-वेस्ट दिल्ली।

**पंजीकृत अभियोग**

मु0अ0स0-117/2023, धारा-420/504/506 भा0द0वि0।

**पुलिस टीम**

1.वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला
2.अपर उपनिरीक्षक दीपक अरोड़ा
3.मुख्य आरक्षी लवकेश